SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

₹ 10,000/- का वांछित इनामिया अपराधी गिरफ्तार

दिनांकः-17.11.2026

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में हत्या/लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती व अन्य जघन्य अपराध में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली श्री नागेन्द्र चौबे के निर्देशन में थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधी तौले उर्फ तुलसीदास पुत्र बुधई निवासी बरखेरिया थाना पिसावां जनपद सीतापुर को जल्लापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त तौले उर्फ तुलसीदास पुत्र बुधई निवासी बरखेरिया थाना पिसावां मारपीट/हत्या के प्रयास/हत्या की घटनाओं में पंजीकृत अभियोग में करीब 08 माह से वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10,000/-रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराध/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

अभियुक्त का नाम/पता: तौले उर्फ तुलसीदास पुत्र बुधई निवसी बरखेरिया थाना पिसावां सीतापुर

पंजीकृत अभियोग-

- **मु0अ0सं0 102/2026** धारा 115(2)/126(2)351(3)/109(1)/103(1)/3(5) BNS थाना पिसावां सीतापुर

पुलिस टीम –

1.थानाध्यक्ष श्री प्रभात कुमार गुप्ता

2.का0 जौनी

3.का0 नीरज

4.का0 सोनल

